प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 13.01.2025

- ❖ **अपराध नियंत्रण की दिशा में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कडी कार्यवाही के क्रम में कानपुर देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता।**
- ❖ **थाना अकबरपुर पुलिस व सर्विलांस/स्पेशल टीम द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए 02 नफर अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को किया गया गिरफ्तार।**
- ❖ **अभियुक्तों के कब्जे से 01 मारूति अल्टो कार नं0 UP35R9235 व 72 किलोग्राम गांजा (कीमत लगभग 14.00 लाख रुपये) व 02 अदद मोबाइल को किया गया बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर, जोन कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान व जागते रहो अभियान के क्रम में, दिनांक 12/13.01.2025 की रात्रि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति रुरा की तरफ से एक मारुति अल्टो कार न0 UP35R 9235 में भारी मात्रा में गांजा लेकर अकबरपुर की तरफ आ रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना अकबरपुर पुलिस व स्वॉट टीम द्वारा संयुक्त रुप से अभियान चलाकर मुक्तापुर गांव से पहले बम्बा पुलिया रुरा अकबरपुर मार्ग पर वाहनों की चैकिंग करते हुए रुरा की तरफ से आ रही स्लेटी कलर की मारुति अल्टो कार नं0 UP35R 9235 को रोककर कार की तलाशी लेते हुए कार में बैठे 02 व्यक्तियों से नाम व पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम 1. सिराजुद्दीन (चालक) पुत्र अलाउद्दीन निवासी गणेश चौधरी मोहल्ला छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र 44 वर्ष 2. आशीष कुमार पुत्र स्व0 श्री रमेशचन्द्र निवासी हराईपुर थाना इंद्रगढ जनपद कन्नौज उम्र 27 वर्ष बताया तथा तलाशी से अभियुक्तों के पास से 02 अदद मोबाइल व कार की पिछली सीट से 35 बण्डल (72 कि0ग्रा0) नाजायज गांजा (कीमत 14.00 लाख रुपये) बरामद करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0 0015/2025 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 बनाम अभियुक्तगण 1. सिराजुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन निवासी गणेश चौधरी मोहल्ला छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र 44 वर्ष 2. आशीष कुमार पुत्र स्व0 श्री रमेशचन्द्र निवासी हराईपुर थाना इंद्रगढ जनपद कन्नौज उम्र 27 वर्ष पंजीकृत किया गया। मारूति अल्टो कार नं0 UP35R9235 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता-

1.सिराजुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन निवासी गणेश चौधरी मोहल्ला छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र 44 वर्ष।

2.आशीष कुमार पुत्र स्व0 श्री रमेशचन्द्र निवासी हराईपुर थाना इंद्रगढ जनपद कन्नौज उम्र 27 वर्ष।

पूछताछ विवरण- अभियुक्तों ने पूछने पर एक स्वर में बताया कि हम लोग अलग-अलग जनपदों से गांजा खरीद कर लाते है और रात्रि में जगह-जगह गांजा पीने वालों को बेच देते है। इससे जो पैसे मिलते हैं उन्हीं से

हम लोग अपने घर का खर्चा चलाते है। आज हम लोग यह माल छिबरामऊ कन्नौज से लेकर आ रहे थे। आज भी हम लोग गांजा बेचने के लिये कानपुर जा रहे थे तभी आप लोगों ने पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 मारूति अल्टो कार नं0 UP35R9235 को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया
2. 72 किलोग्राम गांजा नाजायाज (कीमत लगभगम 14.00 लाख रुपये)
3. 02 अदद मोबाइल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 श्री जयप्रकाश शर्मा स्पेशल टीम(SOG) प्रभारी जनपद कानपुर देहात।
2. उ0नि0 श्री भारत सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद कानपुर देहात।
3. उ0नि0 श्री देवनारायण द्विवेदी थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
4. उ0नि0 श्री मोहम्मद हासिक थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
5. उ0नि0 श्री सूर्यप्रताप सिंह थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
6. हे0का0 330 सुशील कुमार थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
7. का0 258 रविन्द्र कुमार थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
8. का0 721 सर्वेन्द्र सिंह थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
9. हे0का0 124 ध्यानेन्द्र सिंह स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।
10. हे0का0 604 अजीत सिंह स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।
11. हे0का0 685 चन्द्रप्रकाश स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।
12. हे0का0 13 मुकेश कुमार स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।
13. का0 1206 प्रहलाद सिंह स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।
14. का0 172 रविन्द्र रावत स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।
15. का0 761 आलोक स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।
16. का0 1059 मोहम्मद अकरम स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।
17. का 896 कपिल कुमार स्वॉट टीम जनपद कानपुर देहात।